भारत सरकार/GOVERNMENT OF INDIA
खान मंत्रालय/MINISTRY OF MINES
भारतीय खान ब्यूरो/INDIAN BUREAU OF MINES
क्षेत्रीय कार्यालय विजयवाड़ा/ REGIONAL OFFICE VIJAYAWADA
तृतीय तल, स्टालिन सेन्ट्रल, एम. जी. रोड/2nd Floor, Stalin Central, M.G. Road,
गवर्नरपेट, विजयवाड़ा, आंध्र प्रदेश – 520002/Governorpet, Vijayawada, Andhra Pradesh - 520002
फ़ोन नं. +91 (0) 866 – 2570016, ई-मेल/Email- ro.vijayawada@ibm.gov.in

Reg. AD/Speed Post/
Email/Fax

File No. ई-11017/2/2025-VIWD-IBM_RO_VJWD-भाग(1) Date: 29/10/2026

प्रेषिति: राजभाषा अधिकारी
भारतीय खान ब्यूरो
इंदिरा भवन
सिविल लाइंस, नागपुर
विषय: राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक के कार्यवृत्त के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत इस कार्यालय में कार्यरत राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 05.10.2026 को सम्पन्न हुई बैठक का कार्यवृत्त आपकी सूचना हेतु प्रेषित है।

संलग्न: यथोपरी

भवदीय

(दर्शन दीप भारद्वाज)
उप खान नियंत्रक एवं कार्यालय प्रभारी

प्रतिलिपि सूचनार्थ:-
खान नियंत्रक (द. अंचल), भारतीय खान ब्यूरो, बैंगलुरु

भवदीय

(दर्शन दीप भारद्वाज)
उप खान नियंत्रक एवं कार्यालय प्रभारी

विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का कार्यवृत्त

विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक दिनांक 05.10.2026 को अपराह्न 4:00 बजे कार्यालय परिसर में आयोजित की गई। बैठक का प्रारंभ श्री अंकुर किशोर, सहायक खनन अभियंता द्वारा सभी उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के स्वागत के साथ किया गया। तत्पश्चात श्री शैवाल कार्तिकेय, वरिष्ठ खनन भूविज्ञानी एवं हिंदी संपर्क अधिकारी द्वारा कार्यालय अध्यक्ष श्री दर्शन दीप भारद्वाज, उप खान नियंत्रक एवं कार्यालय प्रभारी का बैठक की अध्यक्षता करने हेतु आभार व्यक्त किया गया।

अध्यक्ष
श्री दर्शन दीप भारद्वाज, उप खान नियंत्रक एवं कार्यालय प्रभारी

सदस्य

1. श्री शैवाल कार्तिकेय - वरिष्ठ खनन भूविज्ञानी एवं हिंदी संपर्क अधिकारी
2. श्री कृष्ण कुमार ध्रुव - स. खा. नि.
3. श्री अज़मतुल्लाह शरीफ - निजी सचिव
4. श्री अंकुर किशोर - सहायक खनन अभियंता
5. श्री संतोष कुमार मीणा - एम.टी.एस.

बैठक में लिए गए प्रमुख बिंदु

महानियंत्रक कार्यालय से प्राप्त बधाई पत्र : दिनांक 12-07-2026 को न.रा.का.स. - विजयवाड़ा द्वारा आयोजित 71 वीं बैठक एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोना किया गया। इस समारोह में हमारे क्षेत्रीय कार्यालय - विजयवाड़ा को हिंदी में उत्तम कार्य हेतु **"प्रशंसनीय कार्यालय"** पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसी क्रम में उक्त पुरस्कार प्राप्त होने पर महानियंत्रक कार्यालय से दिनांक को बधाई पत्र प्राप्त हुआ है जिसमें क्षेत्रीय कार्यालय - विजयवाड़ा की हिंदी में किये गए कार्यों हेतु सराहना की गयी।

हिंदी पखवाड़ा का आयोजन : कार्यालय में हिंदी पखवाड़ा - 2026 का दिनांक 14-09-2026 से 30-09-2026 के बीच सफलतापूर्वक का आयोजन किया गया। हिंदी पखवाड़ा में सभी अधिकारीयों एवं कर्मचारियों ने अपनी भागीदारी निभाई। इस दौरान राजभाषा हिंदी को कार्यालयीन कार्यों में बढ़ावा देने हेतु विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी एवं सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया।

कार्यालयीन कार्यों में हिंदी का उपयोग: हमारे कार्यालय में दैनिक कार्यालयीन कार्यों, टिप्पणियों, पत्राचार, ई-मेल, प्रतिवेदनों एवं अन्य आधिकारिक अभिलेखों में हिंदी के प्रयोग को निरंतर प्रोत्साहित किया गया है। अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा राजभाषा हिंदी का अधिकाधिक उपयोग सुनिश्चित करने हेतु नियमित प्रयास किए गए, जिसके परिणामस्वरूप कार्यालयीन कार्यों एवं आधिकारिक पत्राचार में हिंदी का प्रयोग उल्लेखनीय रूप से बढ़ा है। यह उपलब्धि राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्यों एवं मानकों से भी अधिक रही है, जो कार्यालय में हिंदी के प्रभावी क्रियान्वयन तथा राजभाषा नीति के प्रति कर्मचारियों की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

अंत में अध्यक्ष महोदय द्वारा बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से राजभाषा हिंदी के अधिकतम प्रयोग हेतु निरंतर प्रयासरत रहने का आग्रह किया गया। बैठक का समापन श्री अंकुर किशोर , सहायक खनन अभियंता के धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।